प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सस्य विज्ञान विभाग में 21–दिवसीय प्रशिक्षण का समापन समारोह सम्पन्न

पंतनगर 23 नवम्बर 2022। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के अर्न्तगत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित 'संकाय उच्च प्रशिक्षण केन्द्र' (सीएएफटी) द्वारा 2–22 नवम्बर 2022 तक 21–दिवसीय 'फूड़ स्क्यूरिटीएण्ड़ स्वायल हेल्थ मेनेजमेन्टथ्रू एग्रोनॉमिक इन्टरवेन्शन्स' विषय का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में विभिन्न राज्यों उड़िसा, आन्ध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड़, पंजाब के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों से 20 संकाय सदस्यों ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता, कार्यवाहक कुलपति एवं रजिस्ट्रार, डा. ए.के. शुक्ला द्वारा की गई। समारोह में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डा. शिवेन्द्र कश्यप एवं सस्य विज्ञान विभाग के संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। डा. एस.के कश्यप ने खाद्य सुरक्षा के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने कृषि क्षेत्र के शोध को वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों के खेत में उतारे जाने की बात कही। समारोह में प्रशिक्षणार्थियों को उनके द्वारा लिए गए सफल प्रशिक्षण हेतु प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। सस्य विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष, डा. एम.एस. पाल ने प्रशिक्षण की विस्तृत रिर्पोट प्रस्तुत करते हुए, प्रशिक्षणार्थियों द्वारा दिए गए फीड़ बैक से प्रशिक्षण की मूल्यांकन रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। क्रार्यक्रम के अन्त में डा. क्रान्ति कुमार, संकाय सदस्य, सस्य विज्ञान विभाग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित करते कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला।